
ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 16 मई 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 75


## कोवीशील्ड के बाद कोवैक्सिन से साइड इफेक्ट्स का दावा
## स्टडी में सांस का इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग के मामले दिखे; बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई रिसर्च






PM नरेंद्र मोदी ने 1 मार्च 2021 को कोवैक्सिन का पहला डोज लिया था।

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन- कोवैक्सिन के भी साइड इफेक्ट्स हैं। यह बात इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से लिखी है। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (BHU) में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है। हालांकि कुछ दिन पहले कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा था कि उनकी बनाई हुई वैक्सीन सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कोवैक्सिन के दो डोज लगवाए थे।

### स्टडी में वैक्सीन से होने वाली 3 समस्याएं सामने आईं...

1. लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन बढ़ रहा

स्टडी करने वाले शंख शुभ्रा चक्रवर्ती ने कहा, "हमने उन लोगों का डेटा कलेक्ट किया जिन्हें वैक्सीन लगे एक साल हो गया था। 1,024 लोगों पर स्टडी हुई। इनमें से 635 किशोर और 291 वयस्क शामिल थे।"

स्टडी के मुताबिक, 304 (47.9%) किशोरों और 124 (42.6%) वयस्कों में सांस संबंधी इन्फेक्शन (अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन) देखे गए। इससे लोगों में सर्दी, खांसी जैसी समस्याएं देखी गईं।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तारी पर SC का फैसला:मामला कोर्ट में हो, आरोपी समन पर पेश हुआ तो ED अरेस्ट नहीं कर सकती

**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर स्पेशल कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग का केस पहुंच गया है, तो प्रवर्तन निदेशालय (ED) आरोपी को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) के सेक्शन 19 के तहत गिरफ्तार नहीं कर सकता। जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने यह आदेश पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले पर दिया है, जिसमें हाईकोर्ट ने आरोपियों की प्री-अरेस्ट बेल याचिका खारिज कर दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस साल जनवरी में आरोपियों को अंतरिम जमानत दी थी। यह केस जमीन घोटाले से जुड़ा है, जिसमें कुछ रेवेन्यू अफसरों को मनी लॉन्ड्रिंग के तहत आरोपी बनाया गया था।

बेंच ने कहा कि अदालत के समन के बाद अगर आरोपी पेश हुआ है तो यह नहीं माना जा सकता कि वो गिरफ्तार है। एजेंसी को संबंधित अदालत में कस्टडी के लिए अप्लाई करना होगा।

### ED की गिरफ्तारी पर 3 टिप्पणियां

1. मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी अगर कोर्ट के समन के बाद पेश होता है तो उसे जमानत की अर्जी देने की जरूरत नहीं है। ऐसे में PMLA के सेक्शन 45 के तहत जमानत की शर्तें भी लागू नहीं हैं।
2. कोर्ट समन के बाद अगर आरोपी पेश होता है तो उसकी रिमांड के लिए ED को स्पेशल कोर्ट में एप्लिकेशन देनी होगी।
3. कोर्ट तभी एजेंसी को कस्टडी देगी, जब वह संतुष्ट हो जाएगी कि कस्टडी में पूछताछ जरूरी है।

### क्या कहता है PMLA का सेक्शन 19

अदालत के फैसले का मतलब है कि जब ED ने उस आरोपी के खिलाफ कम्प्लेंट भेज दी है, जो जांच के दौरान



गिरफ्तार नहीं किया गया था। तब अफसर PMLA एक्ट के सेक्शन 19 के तहत मिली स्पेशल पावर्स का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। सेक्शन 19 कहता है कि अगर ED को किसी आरोपी के अपराध में शामिल होने का शक है तो वह उसे गिरफ्तार कर सकती है।


## मुंबई हादसा; रिटायर्ड एयर ट्रैफिक कंट्रोल मैनेजर का शव मिला उनकी पत्नी की भी मौत, होर्डिंग के मलबे से दोनों बॉडी निकाली गईं

**24 न्यूज अपडेट**

मुंबई. मुंबई के घाटकोपर में होर्डिंग गिरने के हादसे में गुरुवार (16 मई) को रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हुआ। ऑपरेशन के दौरान बुधवार देर रात को मलबे से दो और शव बाहर निकाले गए। ये शव रिटायर्ड एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) मैनेजर मनोज चंसोरिया और उनकी पत्नी अनीता के हैं। मनोज मुंबई ATC के जनरल मैनेजर पद से मार्च 2024 में ही रिटायर हुए थे। वे मध्य प्रदेश के जबलपुर में रहते थे, लेकिन पत्नी अनीता के वीजा के काम के लिए वे अपनी कार से मुंबई गए थे। काम के बाद वे 13 मई को घाटकोपर के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने गए। इसी दौरान मुंबई में तेज हवाएं और आंधी चली और 250 टन वजनी होर्डिंग पंप पर जा गिरा था।

13 मई को हादसे की खबर सुनकर मनोज के बेटे ने उन्हें कॉल किया था, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद मनोज के बेटे ने मुंबई में रहने वाले अपने दोस्त को फोन किया। उनके दोस्त ने मनोज और अनीता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मनोज के फोन की लोकेशन ट्रेस की। फोन घाटकोपर पेट्रोल पंप के पास ट्रेस हुआ। पुलिस ने आशंका जताई की मलबे में मनोज और अनीता हो सकते हैं। इसके बाद NDRF की टीम ने मंगलवार रात को मलबे में दो शवों के दबे होने की पुष्टि की थी, लेकिन तब उनकी पहचान नहीं हो पाई थी। बुधवार को लोहा काटकर जब दोनों शव बाहर निकाले गए, तब मनोज और अनीता की पहचान हो पाई।

दरअसल, घाटकोपर में जो होर्डिंग गिरा था, वह 100



फीट ऊंचा था। होर्डिंग के नीचे कई कार, टू-व्हीलर्स और लोग दब गए थे। हादसे में अब तक 16 लोगों की मौत और 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के चौथे दिन BMC कमिश्नर भूषण गगरानी भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण कर ऑपरेशन के खत्म होने की सूचना दी।

## जयपुर में बड़े कारोबारी समूह के 11 ठिकानों पर आयकर का छापा, बड़ी मात्रा में ब्लैकमनी के दस्तावेज बरामद




**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर. राजधानी जयपुर में एक बड़े कारोबारी समूह के यहां आयकर विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया. गुरुवार सुबह से ही जयपुर स्थित 11 ठिकानों पर आयकर विभाग की ओर से छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है. जिले के बिंदायका और बगरू स्थित फैक्ट्री और गोदाम में छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है. ग्रुप का रियल एस्टेट का बड़ा कारोबार है. साथ ही नालीदार सीमेंट छत और पाइप के निर्माण का भी कारोबार है. सूत्रों की मानें तो कारोबारी के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर काली कमाई का खुलासा होने की बात सामने आई है. इसके साथ ही काफी मात्रा में ब्लैकमनी के दस्तावेज बरामद होने की भी बात कही जा रही है. वहीं, ज्वेलर्स ग्रुप के सहयोगी समूह में भी सर्च और जब्ती की कार्रवाई जारी है. बड़ी मात्रा में काली कमाई उजागर होने की संभावना है.

सूत्रों की मानें तो काफी समय से आयकर विभाग को कारोबारी समूह पर टैक्स चोरी का इनपुट मिल रहा था. आयकर विभाग ग्रुप पर निगरानी रखे हुए था. इसके बाद छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया गया. आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग के अधिकारी कारोबारी समूह के आय-व्यय के ब्यौरे के अलावा अन्य दस्तावेजों को भी खंगाल रहे हैं. राजधानी जयपुर में बड़े रियल एस्टेट और अन्य व्यवसाय से जुड़े कारोबारी समूह पर आयकर विभाग की छापेमारी की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है. करीब 11 ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम कार्रवाई को अंजाम दे रही है. बड़े पैमाने पर अघोषित आय और टैक्स चोरी उजागर होने की संभावना जताई जा रही है. इसके अलावा आयकर विभाग की कार्रवाई में काली कमाई का खुलासा होना शुरू हो गया है. बड़े पैमाने पर नकदी भी बरामद होने की बात कही जा रही है. साथ ही ग्रुप संचालकों के निवास पर नोट गिरने की मशीन मंगवाई गई है. भारी मात्रा में ब्लैकमनी से संबंधित दस्तावेज भी बरामद हुए हैं. इसके साथ ही टैक्स चोरी से संबंधित दस्तावेज भी मौके से बरामद हुए हैं. आयकर विभाग की टीमें कारोबारी ग्रुप के बैंक लॉकर्स को भी खंगालने की तैयारी कर रही है. साथ ही ज्वेलर्स ग्रुप के ठिकानों पर दस्तावेजों की भी जांच पड़ताल की जा रही है. आयकर विभाग की जांच पड़ताल में बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी, अघोषित आय के साथ ही बेनामी संपत्तियों के राज खुलने की भी संभावना है.

## बदसलूकी केस में स्वाति का बयान लेने पहुंची दिल्ली पुलिस:केजरीवाल के पीए पर 3 दिन पहले मारपीट का आरोप



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव (PA) बिभव कुमार को नोटिस भेज शुक्रवार को तलब किया है। बिभव पर AAP की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी का आरोप है। इसी मामले में गुरुवार दोपहर 1 बजे दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी और एडिशनल डीसीपी नॉर्थ स्वाति मालीवाल का बयान दर्ज करने के लिए उनके घर पहुंचे। इस बीच, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, 'इसमें दो बातें हैं। पहला, अगर महिलाओं के साथ कुछ गलत होता है तो हम उनके साथ खड़े हैं। मैं हमेशा महिलाओं के साथ ही खड़ी रहती हूं चाहें वे किसी भी पार्टी की हों। दूसरा AAP आपस में चर्चा करेगी... वो आपस में निर्णय लेंगे। ये उन पर है। केजरीवाल इस मामले में उचित कार्रवाई करेंगे।'

# संपादकीयः महंगाई का रुख

सरकार महंगाई पर काबू पाने के लिए कई वर्ष से प्रयास कर रही है, मगर इसमें स्थिरता नहीं आ पा रही। रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई पांच फीसद के नीचे रखने की मंशा से कई बार बैंक दरों में बढ़ोतरी की और अभी तक वह उनमें कटौती करने के बारे में सोच भी नहीं पा रहा। खुदरा महंगाई पिछले महीने बढ़ कर 7.74 फीसद पर पहुंच गई। अब थोक महंगाई अपने तेरह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। पिछले महीने यह 1.26 फीसद दर्ज हुई। पिछले वर्ष मार्च में यह 1.41 फीसद थी। थोक महंगाई पिछले दो महीने से लगातार चढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है कि अप्रैल महीने में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों में उत्पाद की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से थोक महंगाई बढ़ी है। इस स्थिति में कब तक सुधार की संभावना है, इसे लेकर कोई आकलन पेश नहीं किया गया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में कब नरमी दर्ज होगी, कहना मुश्किल है। विश्व में जिस तरह संघर्ष की स्थितियां और मंदी का दौर है, उसमें कीमतों में कमी को लेकर कोई विनिर्माण और बिजली क्षेत्र में महंगाई बढ़ने की वजहें भी साफ हैं। कोयला उत्पादन क्षेत्र में विकास दर सुस्त बनी हुई है। कोयला आयात बढ़ा है। ऐसे में बिजली उत्पादन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। विनिर्माण में लागत पर खुदरा महंगाई का भी असर होता है। कोयला और बिजली की कीमतें बढ़ने से भी इस क्षेत्र में महंगाई बढ़ती है। इससे जाहिर है कि अभी आने वाले समय में जल्दी इस स्थिति में किसी सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। महंगाई का एक बड़ा कारण विकास दर में असंतुलन भी है। कुछ क्षेत्रों में विकास दर काफी ऊंची है, तो कुछ में नीचे का रुख बना हुआ है। थोक महंगाई बढ़ने का अर्थ है कि खुदरा महंगाई पर उसका सीधा असर पड़ेगा। अगर वस्तुओं के उत्पादन पर लागत बढ़ेगी, तो खुदरा वस्तुओं की कीमतें उसके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ी हुई दर्ज होंगी। फिर, चूंकि महंगाई का आकलन थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर किया जाता है, वास्तविक महंगाई उससे कहीं अधिक होती है। इसीलिए अक्सर जब सरकारी आंकड़ों में महंगाई का स्तर घटा हुआ दर्ज होता है, तय भी आम उपभोक्ता कोई राहत महसूस नहीं करता। आम चुनाव की सरगर्मी में विपक्षी दलों ने महंगाई और बेरोजगारी को मुख्य मुद्दा बनाया हुआ है। इसलिए थोक महंगाई के ताजा आंकड़े एक बार फिर उन्हें सत्तापक्ष की आलोचना का अवसर देंगे। यह एक अजीब तरह का असंतुलन है कि देश की अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ है, जबकि महंगाई एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसकी कुछ वजहें साफ हैं। महंगाई को सहनशील स्तर पर लाने के लिए जरूरी है कि बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़े, मगर बेरोजगारी बढ़ने, प्रति व्यक्ति आय घटने और क्रयशक्ति छीजती जाने की वजह से बाजार में संतुलन नहीं बन पा रहा। जिस मौसम में नई फसल की आवक तेज होती है, उसमें भी खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें ऊंची रहती हैं। दूसरी तरफ किसान फसलों की वाजिब कीमत न मिल पाने से परेशान दिखते हैं। जब तक अर्थव्यवस्था में कायम असंतुलन दूर करने का प्रयास नहीं होता, महंगाई पर काबू पाना कठिन हो बना रहेगा।

## सुशील मोदी

वे बिहार में भाजपा का प्रमुख चेहरा थे। यह उनके मिलनसार, भरोसेमंद व्यक्तित्व और राजनीतिक कुशलता का ही नतीजा था कि बहुमत हासिल न कर पाने के बावजूद भाजपा बिहार में कई बार सत्ता में रही। सुशील मोदी की नीतीश कुमार से गहरी दोस्ती थी। हालांकि दोनों के दलों की वैचारिक पृष्ठभूमि अलग थी, पर सुशील मोदी पर नीतीश कुमार का भरोसा इतना दृढ़ था कि वे भाजपा के साथ गठबंधन करने को तैयार हुए। यहां तक कि राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिल कर चुनाव लड़ने और सरकार बनाने के बाद भी उन्होंने उसका साथ छोड़ा और भाजपा के साथ हाथ मिला लिया। सुशील मोदी जयप्रकाश नारायण के प्रभाव में राजनीति में आए थे। फिर वे भाजपा के साथ हो गए और आजीवन उससे जुड़े रहे। वे प्रबुद्ध राजनीतिकों में से थे। हर वक्त देश-दुनिया की घटनाओं पर नजर रखते थे। वित्तीय मामलों की उन्हें गहरी समझ थी। यही वजह है कि नीतीश सरकार में उपमुख्यमंत्री रहते हुए उन्हें वित्त मंत्रालय का भार भी सौंपा गया था। वित्तमंत्री रहते हुए उन्होंने कई उल्लेखनीय काम किए। जिस समय जीएसटी की रूपरेखा तैयार हो रही थी, सुशील मोदी को राज्यों के वित्तमंत्रियों की समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। करीब पचास वर्ष वे राजनीति में रहे। अलग-अलग समय में विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा चारों सदनों के लिए वे निर्वाचित हुए। उपमुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य राजनीतिक पदों पर रहते भी उनका व्यक्तित्व सदा बेदाग रहा। उन पर किसी भी तरह के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। मृदुभाषी थे। अपने विरोधियों के बारे में भी वे कभी तल्ख नहीं देखे गए। बहुत सोच-समझ कर और अर्थपूर्ण टिप्पणी करते थे। वे बिहार के लोकप्रिय नेताओं में थे। बिहार में जिस तरह के राजनीतिक समीकरण हैं, उसमें भाजपा को मजबूत स्थिति में खड़ा करने में सुशील मोदी का बड़ा योगदान था। हालांकि भाजपा को यह मलाल है कि अभी तक वह अपने दम पर अपना मुख्यमंत्री नहीं बना पाई। मगर जिस तरह सुशील मोदी ने एनडीए को वहां कामयाबी दिलाई थी, वह उनके बाद की पीढ़ी के नेताओं के सामने एक बड़ी लकीर है। उनका जाना भाजपा ही नहीं, बिहार की राजनीति के लिए बड़ी क्षति है।

# ऑल टाइम हाई पर पहुंची चांदीःये 85,700 रुपए प्रति किलो बिक रही, सोना फिर साढ़े 73 हजार रुपए पर पहुंचा




**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. सोना और चांदी ने आज यानी 16 मई को बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के मुताबिक, कारोबार के दौरान 10 ग्राम सोना 541 रुपए महंगा होकर 73,475 रुपए का हो गया। चांदी ने आज अपना नया ऑल टाइम हाई बनाया है। ये 1,195 रुपए महंगी होकर 85,700 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई। वहीं सोने का ऑल टाइम हाई 73,596 रुपए का है जो उसने बीते महीने 19 अप्रैल को बनाया था।

### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्लीः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,170 रुपए है। मुंबईः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,850 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,020 रुपए है। कोलकाताः 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 67,850 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 74,020 रुपए है। चेन्नईः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,130 रुपए है। भोपालः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,070 रुपए है। इस साल सोने-चांदी में दिखी शानदार तेजी IBJA के अनुसार इस साल अब तक सोने के दाम 10,123 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 73,475 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 85,700 रुपए पर पहुंच गए हैं।

# बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार
## कांकरोली पुलिस ने शहर से बाइक चोरी की वारदातों के बाद दो आरोपियों को पकड़ा



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

राजसमंद. राजसमंद में कांकरोली पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सिद्धार्थ पालीवाल (29) ने 11 सितम्बर 2022 को पिता विक्रम पालीवाल निवासी धोरा मोहल्ला पिपली चबूतरा कांकरोली ने कांकरोली पुलिस थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि सिद्धार्थ अपनी बाइक को भीलवाड़ा रोड पर गली में खड़ी कर अपने दोस्तों के साथ पैदल घूमने निकला। पैदल घूम कर करीब 2 घंटे बाद जब वो लौटा तो बाइक नहीं मिली। जिसकी आसपास में तलाश की। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट की मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कांकरोली पुलिस थाना इंचार्ज हनवन्त सिंह सोढा ने बताया कि डेढ साल पहले के मामले में मुखबिर से पुख्ता जानकारी मिली कि बाइक को रतन लाल कीर (20) पुत्र अमर लाल कीर निवासी छापरखेड़ी व मोहन उर्फ मानू (19) पुत्र हीरा लाल भील निवासी धनजी का खेड़ा ने चुराई थी। जिसके बाद दोनों आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ करने पर बाइक चोरी की वारदात कबूल की। जिस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशान देही पर पुलिस ने बाइक बरामद की। दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है जिससे और वारदात खुलने की संभावना है। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं।

# नाथद्वारा में ब्यूटी पार्लर का काम करने वाली युवती ने किचन में फंदे से लटक कर दी जान



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट राजसमंद। नाथद्वारा शहर में घर के कीचम में संदिग्ध परिस्थितियों में 23 साल की विनीता का शव फंदे पर लटका मिला, शव के पांव जमीन को टच कर रहे थे। फौज मोहल्ला में संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार को युवती का शव मिलने से बडी संख्या में लोग जमा हो गए। परिजनों ने संदिग्ध अवस्था को देखते हुए पुलिस को बताया व निष्पक्ष जांच की मांग की। विनीता (23) पुत्री नेमीचंद सेन ने घर के किचन में आत्महत्या कर ली। परिजनों ने दरवाजा नहीं खोलने पर मेन गेट तोड़कर देखा तो विनीता फंदे पर लटकी थी। उसके पैर जमीन से छू रहे थे। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव को नाथद्वारा मोर्चरी में रखवाया और पोस्टमॉर्टम किया। मृतका मूल रूप से मोलेला निवासी थी और नाथद्वारा के फौज मोहल्ले में रहती थी। विनीता यहां ब्यूटी पार्लर का काम करती थी।

# स्मैक बेचने के मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार




**24 न्यूज अपडेट**

राजसमंद. राजसमंद में कांकरोली पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सिद्धार्थ पालीवाल (29) ने 11 सितम्बर 2022 को पिता विक्रम पालीवाल निवासी धोरा मोहल्ला पिपली चबूतरा कांकरोली ने कांकरोली पुलिस थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि सिद्धार्थ अपनी बाइक को भीलवाड़ा रोड पर गली मे खड़ी कर अपने दोस्तों के साथ पैदल घूमने निकला। पैदल घूम कर करीब 2 घंटे बाद जब वो लौटा तो बाइक नहीं मिली। जिसकी आसपास में तलाश की। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट की मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कांकरोली पुलिस थाना इंचार्ज हनवन्त सिंह सोढा ने बताया कि डेढ साल पहले के मामले में मुखबिर से पुख्ता जानकारी मिली कि बाइक को रतन लाल कीर (20) पुत्र अमर लाल कीर निवासी छापरखेड़ी व मोहन उर्फ मानू (19) पुत्र हीरा लाल भील निवासी धनजी का खेड़ा ने चुराई थी। जिसके बाद दोनों आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ करने पर बाइक चोरी की वारदात कबूल की। जिस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशान देही पर पुलिस ने बाइक बरामद की। दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है जिससे और वारदात खुलने की संभावना है। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं।

# बांसवाड़ा में सर्किट हाउस की चारदीवारी पर लेपर्डवॉक

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com



24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। बांसवाड़ा शहर के बीच में स्थित सर्किट हाउस परिसर में एक बार फिर लेपर्ड दिखा। गुरुवार सुबह इसे कैमरे में कैद किया गया। लेपर्ड सुबह में सर्किट हाउस के सामने की तरफ चारदीवारी पर देखा गया। इससे पहले भी यहां कई बार लेपर्ड और शावक दिखाई दे चुके हैं। इस बीच कुछ महीनों तक इलाके में शांति रही। लेकिन अब फिर लेपर्ड की मौजूदगी से आसपास के इलाकों में लोग दहशत में हैं। सर्किट हाउस के पास सिविल लाइन, हाउसिंग बोर्ड, मोहन कॉलोनी, माही सरोवर नगर आदि पॉश कॉलोनियां हैं। खास बात यह है कि आबादी क्षेत्र में लगातार लेपर्ड कुनबा दिखाई देने के बावजूद अभी तक किसी तरह के हमले का एक भी मामला सामने नहीं आया। सर्किट हाउस में वन क्षेत्र है, जहां जर्जर पुराने भवन हैं। इसके अलावा यहां पर पानी की सुविधा है। इसलिए लेपर्ड यहां डेरा डाले हुए हैं। इससे पहले अक्टूबर 2023 में शहर के माही सरोवर नगर में रात को लेपर्ड दिखाई दिया था। जो बाद में वन क्षेत्र में चला गया। जनवरी 2024 में शहर के रतलाम रोड पर पिकअप के समीप रात 1 बजे एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के पास लेपर्ड दिखाई दिया था।

# शारिरिक आसन (योगासन) प्राणायाम को योग की संख्या देना सही नहीं : पूनम बहन

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत चल रहे हैं नौ दिवसीय "अलविदा तनाव हैप्पीनेस" शिविर के आज छठे दिन तनाव मुक्ति विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने मेडिटेशन (ध्यान , योग) पर विस्तृत चर्चा करते हुए ध्यान द्वारा जीवन में आ रही है समस्याओं के समाधान के तरीके सिखाए । हैप्पीनेस प्रोग्राम के मीडिया प्रभारी विमल शर्मा के अनुसार पूनम बहन ने सर्वप्रथम यह स्पष्ट किया कि आज शारिरिक आसन (योगासन) प्राणायाम को योग की संख्या देना सही नहीं है । वास्तव मे ध्यान, योग, मेडिटेशन का अर्थ होता है जोड़ना अर्थात आत्मा के मन और बुद्धि के तार परमात्मा से जोड़ना ही सही मायने में योग होता है । दुनिया में आज कई तरह के मेडिटेशन प्रचलित है कोई थोटलेट होने को कहते है तो कोई आती जाती सांसों पर ध्यान तो अन्य किसी अंग पर ध्यान केन्द्रित करने पर जोर देते है । मन का स्वभाव सदैव विचार उत्पन्न करना होता है अतः हमारा केन्द्र विचारों को शून्य करना नहीं अपितु नकारात्मक व अर्थविहीन (वेस्टफुल) विचारों को खत्म करना होता है व उनके स्थान पर सकारात्मक व उद्देश्यपूर्ण विचारों को लाना होता है । ब्रह्माकुमारी में सिखाया जाने वाले राजयोग मेडिटेशन में परमात्मा से कुछ मांगा नहीं जाता बल्कि संबंध जोड़ने से स्वतः ही आत्म तृप्ति व संपन्नता का अनुभव होता है । इसमे किसी प्रतिमा कैंडल सूर्य आदि की आवश्यकता नहीं होती यहां सर्वोच्च शक्ति ज्योतिर्बिंदु परमात्मा से सीधा संपर्क होता है । कल सातवें दिन "अलौकिक जन्म उत्सव " मनाया जायेगा

# सांवलियाजी में प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण नहीं हटाने पर रोष

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। चित्तौड़गढ़ के मंडफिया स्थित मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सांवलिया जी में पिछले दिनों अतिक्रमण हटाया गया जिसे लेकर छोटे व्यापारियों में आक्रोश है। आज उन्होंने इसका विरोध करते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि लगभग 250 से अधिक छोटे-छोटे व्यापारी हैं तथा वर्षों से व्यापार कर रहे हैं पर उनको बिना सूचना दिए प्रशासन द्वारा सवेरे 4:00 बजे अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि अतिक्रमण में भी मिली भगत सामने आई है।कई प्रभावशाली लोगों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है पर उन पर ध्यान नहीं दिया जाता पर छोटे व्यापारियों को ही टारगेट किया जाता है। बरहाल उन्होंने विरोध जताते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया तथा अतिक्रमण का विरोध किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे व्यापारी रोजाना अपना रोजगार चलकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं, उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में आवेदन की तारीख 6 जून बढ़ाई




**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्थान सरकार ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में एडमिशन की तारीख को एक बार फिर बढ़ा दिया है। प्रदेशभर के 3700 से ज्यादा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों के लिए अब स्टूडेंट्स 6 जून तक शाला दर्पण के माध्यम से ऑनलाइन अप्लाई कर सकेंगे। इसके बाद लॉटरी के माध्यम से स्टूडेंट्स का सिलेक्शन कर उन्हें एडमिशन दिया जाएगा। इन स्कूलों में प्री-प्राइमरी कक्षाएं या बाल वाटिकाएं हैं। नर्सरी की सभी सीटों पर एडमिशन देना होगा, जबकि दूसरी कक्षाओं में सिर्फ खाली सीटों पर ही एडमिशन होने जा रहे हैं। जिन स्कूलों में पिछले सत्र में कक्षा 1 से 5 तक का संचालन किया जा रहा था। उनमें इस साल कक्षा 6 का संचालन होगा। 9वीं तक की स्कूलों में इस साल 10वीं और 11वीं तक की स्कूलों में 12वीं कक्षा का संचालन होगा। इन स्कूलों में पिछली कक्षा पास करके आए स्टूडेंट्स को पहले एडमिशन मिलेगा। उसके बाद सीटें खाली रहने पर उनमें दूसरे स्टूडेंट्स को भी एडमिशन दिया जाएगा। जिन स्कूलों में बीते साल 10वीं तक की कक्षाएं चल रही हैं। उनमें इस बार 11वीं कक्षा में जो सब्जेक्ट सेक्शन होंगे, उन्हीं में एडमिशन होगा। अभी राजस्थान बोर्ड की दसवी का रिजल्ट आना बाकी है। इस बार महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में क्वालिटी एजुकेशन के लिए राइट तो एजुकेशन के मानकों के अनुरूप स्कूलों में अलग-अलग सेक्शन निर्धारित किए गए हैं। इनमें कक्षा 1 से 5वीं तक 30 स्टूडेंट प्रति सेक्शन में होंगे। कक्षा 6 से 8वीं में 35 स्टूडेंट्स होंगे, जबकि कक्षा 9 से 12वीं में 60 स्टूडेंट्स प्रति सेक्शन पढ़ सकते हैं। 50 लाख से ज्यादा रुपए दान देने वाले या पूरा भवन बनाकर देने वाले भामाशाह को स्कूल की हर क्लास में 2 सीटों पर एडमिशन करवाने या पूरे स्कूल में मैक्सिमम 10 सीटों पर एडमिशन करवाने का कोटा होगा।

# आईसीआईसीआई बैंक ने रिवाइज किया एफडी पर ब्याज




**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, ब्यूरो। देश के दूसरे सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक आईसीआईसीआई ने एफडी पर ब्याज को रिवाइज कर दिया है। बैंक ने 2 करोड़ रुपये से लेकर 5 करोड़ रुपये तक की कुछ पीरियड की एफडी पर ब्याज को बदला गया है। बैंक 7 दिन से लेकर 10 साल तक की बल्क एफडी ऑफर कर रहा है बैंक 4.75 फीसदी से लेकर 6.75 फीसदी का ब्याज दे रहा है। बैंक बल्क एफडी पर अधिकतम ब्याज 7.25 प्रतिशत का दे रहा है। ये नई दरें 13 मई 2024 से लागू हो गई हैं। 7 दिन से 14 दिन तक आम जनता के लिए - 4.75 प्रतिशत; सीनियर सिटीजन के लिए - 4.75 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है।

# रिकवरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 649 अंक ऊपर, निफ्टी 22,300 के पार




**24 न्यूज अपडेट**

मुंबईः कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार रिकवरी के साथ बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 649 अंकों की उछाल के साथ 73,636.18 पर बंद हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.87 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 22,394.65 पर क्लोज हुआ । आज के कारोबार के दौरान टाटा कंज्यूमर, एलटीआईमाइंडट्री, एम एंड एम, टेक महिंद्रा टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. वहीं, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, एसबीआई, बीपीसीएल ने गिरावट के साथ कारोबार कर रहे । व्यापक सूचकांकों ने फ्रंटलाइन सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि निफ्टी आईटी और निफ्टी मेटल सूचकांक शीर्ष क्षेत्रीय लाभार्थी रहे. निफ्टी मिडकैप 100, एसएंडपी बीएसई स्मॉलकैप, निफ्टी आईटी, निफ्टी बैंक बढ़ोतरी के साथ ग्रीन जोन में बंद हुए । सकारात्मक रुख पर खुलने के बाद, अमेरिकी उपभोक्ता मुद्रास्फीति के अनुमान से कम आंकड़ों के कारण वैश्विक शेयरों में उछाल के बाद, गुरुवार के कारोबारी दिन में भारतीय प्रमुख शेयर बाजार सूचकांक लाल निशान में गिर गए, जिसके कारण कम से कम दो ब्याज दरों में कटौती की अटकलें लगाई गईं । आपको बता दें कि एमएंडएम, एचएएल, गेल, इंफो एज, वोडाफोन आइडिया, बायोकॉन आज चौथी तिमाही की आय की घोषणा करेंगे. ओपनिंग का बाजार कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुले. बीएसई पर सेंसेक्स 296 अंकों की उछाल के साथ 73,295.50 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.42 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 22,293.60 पर बंद हुआ ।

# जगद्गुरु शंकराचार्य बोले- राम आए लेकिन गोहत्या बंद नहीं हुईः 'हमारी बात केंद्र सरकार तुरंत रिकॉर्ड पर लेती है'



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

भरतपुर. जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को भरतपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बीजेपी और कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राम जन्म भूमि में राम को लाने से क्या हुआ। कृष्ण जन्म भूमि में कृष्ण को भी लाया जाए। अगर राम जन्म भूमि में राम आ गए तो देश में गोहत्या बंद हो जानी चाहिए।

## अगर राम आ गए तो, गोहत्या बंद हो जानी चाहिए

राम जन्म भूमि मंदिर पर पक्षकार बनने पर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा- हम सभी जगह पक्षधर हैं। हम राम जन्मभूमि में पक्षधर थे और कृष्ण जन्म भूमि में भी पक्षधर हैं। राम जन्म भूमि में राम आ रहे हैं ऐसा कहा जा रहा है। उनके आने का फल क्या हुआ। पहले यह देखना पड़ेगा।

अगर उनके आने से अच्छा फल हुआ तो कृष्ण की जन्मभूमि में कृष्ण को लाया जाए। अगर राम के आने का कोई मतलब नहीं निकला तो कृष्ण की जन्मभूमि में उन्हें लाकर भी क्या कर लेंगे। हमारा यह कहना है कि राम जन्मभूमि जब राम आ गए तो, देश में गोहत्या बंद हो जानी चाहिए।

यह बड़ा कलंक हमारे सनातनी धर्म के लोगों के माथे पर है। जिसको हम मां कहते हैं, उसे मारकर हम उसका मांस बेचते हैं। यह बहुत बड़ी धिक्कार वाली बात है। चाहे मुस्लिम हो या ईसाई, जिसे मां कहेगा उसे मारकर या उसे बेचकर तो नहीं खाएगा।

हम हिंदू हैं, देश में हमारे द्वारा बनाई गई सरकारें यह कर रहीं हैं और हम उन्हें चुनते चले जा रहे हैं। इसलिए हमारा यह कहना है कि राम के आने का पहले फल मिले। गोहत्या बंद हो। जब यह फल मिल जाए तो कृष्ण को भी लाएंगे।

## हमारी बात को सरकार तुरंत रिकॉर्ड पर लेती है

जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से पूछा कि उन्होंने सरकार तक इन मसलों को लेकर बात पहुंचाई? इस पर वे बोले- हम हर बात पहुंचाते हैं। सरकार से कोई बात छुपी रहती है। IB के लोग यहां पर होंगे, जो भी हम कहते हैं सरकार उसे तुरंत रिकॉर्ड पर लेती है। हम कोई बात छुपकर नहीं कहते।

## लोग रोज पाला बदलते हैं

जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से पूछा कि ऐसी धारणा बन गई है कि आप सरकार के खिलाफ हैं, इस पर वे बोले- सरकार और क्या करेगी। जब हमारे पास किसी की कही गई बात का जवाब न हो, तो हम यह सोचते हैं, यह सिद्ध करते हैं कि यह हमारे खिलाफ है, इसलिए बोल रहा है।

बात यह है कि हमारे सवाल का जवाब दो। खिलाफ हैं या पक्ष में हैं, इससे क्या लेना-देना। कौन किसके खिलाफ है बताओ। लोग जिनके खिलाफ होते हैं बाद में उसी के साथ हो जाते हैं। जिसके पक्ष में रहते हैं उससे झगड़ा कर अलग हो जाते हैं। कोई किसी के खिलाफ या साथ स्थायी रूप से नहीं है। लोग रोज पाला बदलते रहते हैं।

## 10 साल पावर की कुर्सी पर बैठने के बाद गाय काटते चले आ रहे है

हिंदुत्व को लेकर शंकराचार्य ने कहा- हमारे घर में जब रोटी बनती है तो सबसे पहले गाय के लिए निकाली जाती है। इसका मतलब हमारे सनातन धर्मियों में इस बात की छाप है। हमारे लिए अगर सबसे पहले कोई है तो वह गाय है। पहली रोटी हम गुरु की भी नहीं निकालते। भगवान की भी नहीं निकालते। इसका मतलब गाय सबसे महत्वपूर्ण है हमारे लिए। एक हिन्दू होने के नाते अगर हमें पावर की कुर्सी पर बैठा दिया जाए तो सबसे पहले हम कौन सा काम करेंगे। जो हमारे दिल का सबसे करीबी होगा वही करेंगे। अब हमको पावर मिल गया। 10 साल बीत गए। इसके बाद भी हम वह काम नहीं कर रहे हैं। इससे कैसे पता लगेगा कि हम हिंदू हैं। हिंदू तो हिंदू जैसा काम करेगा। हम 10 साल से पावर में बैठे हैं। जबकि गाय काटते चले जा रहे हैं। बल्कि बढ़ावा दे रहे हैं और कह रहे हैं कि हम हिंदू भी हैं। यह दोनों नहीं हो सकता। अगर हिंदू हो तो हिंदू जैसा करके दिखाओ। गाय की हत्या बंद करवा के दिखाओ।

# केजरीवाल की जमानत पर SC बोला- विशेष छूट नहीं दीःED ने कहा- वो भाषण दे रहे, वोट मिला तो जेल नहीं जाएंगे, कोर्ट ने दलील खारिज की

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. दिल्ली शराब नीति मामले में ED की गिरफ्तारी के विरोध में सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार 16 मई को सुनवाई की। कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देने पर कहा कि उन्हें कोई विशेष छूट नहीं दी गई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि हमने अपने फैसले में कहा था कि हमें यह न्यायसंगत लगा था। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि इस फैसले की आलोचनात्मक समीक्षा का हम स्वागत करते हैं। ED की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जमानत पर बाहर जाने के बाद चुनावी भाषणों में कह रहे हैं कि अगर लोगों ने AAP को वोट दिया तो मुझे 2 जून को जेल नहीं जाना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने ED की दलील खारिज करते हुए कहा- ये उनका पूर्वानुमान है। इस पर हम कुछ नहीं कह सकते। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि एक केंद्रीय मंत्री ने भी बयान दिया है। हालांकि उनका नाम सुनवाई के दौरान नहीं लिया गया।



# दो भाइयों का विवाद पहुंचा हाईकोर्ट आज प्रशासन ने तोड़े 138 अतिक्रमण



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

जालोर. जिले के आहोर उपखंड क्षेत्र के ओडवाड़ा गांव में दो भाइयों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हाईकोर्ट पहुंच गया. इसके बाद राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रशासन की ओर से गुरुवार को चिह्नित 138 पक्के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होते ही एक बार तो माहौल तनावपूर्ण हो गया. लोगों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रशासन का रास्ता रोका. काफी देर समझाइश की गई, लेकिन ग्रामीण नहीं माने. इसके बाद पुलिस जाप्ते ने लोगों को सड़क से हटाया. इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद रही । आहोर उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा ने बताया कि करीब 35 एकड़ जमीन में 138 पक्के निर्माण चिह्नित किए गए हैं, जिन्हें हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है. इसमें कई लोगों ने न्यायालय से फिर से स्थगन आदेश भी ले रखा है, लेकिन गुरुवार को 138 चिह्नित पक्के निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई है. मीणा ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आवासरत किसी व्यक्ति को बेघर करने का प्रयास नहीं किया गया है. दीवारों को तोड़ा गया है। न्यायालय की पालना में कार्रवाई की गई है. आपको बता दें कि इस संबंध में 20 मई को प्रशासन की ओर से न्यायालय में जवाब पेश करना है. जानकारी के मुताबिक ओड़वाड़ा गांव में दो भाइयों के बीच हुए विवाद के बाद एक पक्ष हाईकोर्ट चला गया. गांव के ओरण में अतिक्रमण होने का मामला दायर किया गया था. इसकी जांच पड़ताल के बाद न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के आदेश बीते वर्ष भी दिए थे. उस दौरान प्रशासन ने 67 कच्चे अतिक्रमण हटाए थे. न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को पुनः पक्के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई. यहां बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया. इस कार्रवाई के दौरान आहोर, जालोर व सायला के उपखंड अधिकारी भी मौजूद रहे ।

# बर्तन नहीं धोने की बात पर लड़े भाई-बहन, गुस्साए पिता ने कर दी मासूम बच्ची की हत्या



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट चित्तौड़गढ़। पिता ने अपनी ही 9 साल की मासूम बच्ची की तैश में आकर हत्या कर दी। अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहा था लेकिन ग्रामीणों ने रोक लिया और राज खुल गया। मंगलवाड़ थाना क्षेत्र का मामला है। पिता ने गुस्से में आकर बच्ची की चोटी पकड़ ली व जमीन पर पटक दी जिससे वह बेहोंश हो गई। उस पर भी नहीं माना और गर्दन मरोड़ दी। सुबह बेटी का अंतिम संस्कार करने रवाना होने लगा। ग्रामीणों को शक हो गया व अंतिम संस्कार नहीं करने दिया अस्पताल में पोस्टमार्टम में राज खुल गया। हत्यारे पिता को पुलिस ने पकड़ लिया है। थानाधिकारी राम सिंह ने बताया कि संगेसरा निवासी राधा भील (9) का पिता सूरजमल भील ने मर्डर कर दिया। बुधवार रात राधा और उसके बड़े भाई के बीच बर्तन धोने बात पर झगडा हो रहा था। इस पर सूरजमल को इतना गुस्सा आ गया कि बेटी राधा की चोटी पकड़ कर जमीन पर पटक दिया। राधा बेहोश हो गई। फिर उसकी गर्दन मरोड़ दी। जिससे मौत हो गई। सूरजमल के 5 बच्चे है। दो बेटे और तीन बेटियां। राधा दूसरे नंबर की बेटी है। 6 महीने पहले उसने पत्नी को बहुत बुरी तरह से मारा पीटा था। उसके बाद से घर छोड़ कर चली गई। वह कहां गई इसके बारे में भी लोगों को शक है। कुछ दिन पहले सूरजमल और उसके भाई अमरचंद के बीच में मारपीट हुई थी व 151 में पाबंद किया था।

# भू-अभिलेख निरीक्षक 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## नामांतरण खोलने की एवज में मांगी थी 50 हजार की घूस, एसीबी की कार्रवाई

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

डूंगरपुर। एसीबी डूंगरपुर ने बिलड़ी के भू-अभिलेख निरीक्षक को 25 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। भू-अभिलेख निरीक्षक ने नामांतरण खोलने की एवज में 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। 25 हजार में समझौता हुआ। एसीबी की टीम पटवारी के घर और उसके ठिकानों पर जांच कर रही है। एसीबी के महानिदेशक रवि प्रकाश महारड़ा ने बताया की एसीबी की डूंगरपुर इकाई को शिकायत मिली थी की बिलड़ी का भी भू-अभिलेख निरीक्षक दिनेश पंचाल नामांतरण खोलने की एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। इस पर एसीबी के उप महानिरीक्षक रणवीर सिंह के निर्देशन में डूंगरपुर इकाई के डीएसपी रतनसिंह राजपुरोहित ने शिकायत का सत्यापन करवाया। इसमें शामलाती जमीन का नामांतरण खोलने के एवज में रिश्वत के रूप में 25 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। जिस पर एसीबी की टीम ने आज गुरुवार को ट्रैप का जाल बिछाया। एसीबी ने पीड़ित को रिश्वत के 25 हजार रुपए लेकर भेजा। पीड़ित ने ये रुपए भू अभिलेख निरीक्षक दिनेश पंचाल को ले जाकर दे दिए। रुपए हाथ में लेते ही एसीबी की टीम पहुंच गई और भू अभिलेख निरीक्षक को रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी ने ये रकम बरामद कर ली है। भू-अभिलेख निरीक्षक के हाथ धुलवाने पर गुलाबी रंग निकल आया। एसीबी की टीम आरोपी भू-अभिलेख निरीक्षक के घर और उसके ठिकानों की भी तलाशी ले रही है।



# पकड़ा गया फर्जी पुलिसकर्मी, रात कटी सलाखों के पीछे, पुलिसकर्मी की मोटरसाइकिल चुराना भी स्वीकारा



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, सलूंबर। सोशल मीडिया पर पुलिस कॉस्टेबल की वर्दी पहनकर पोस्ट व रील डालने और मामला दर्ज होने के बाद पुलिसकर्मी को धमकी भरी पोस्ट अपलोड करने वाला थाने का सफाईकर्मी पकड़ा गया है। दो दिन से उसने पुलिस की नाक में दम कर रखा था व पुलिस को ओपन चेलेंज दे रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए साईबर सेल व पुलिस थाना सलूम्बर की एक विशेष टीम का गठन किया था। टीम ने सोशल मीडिया व तकनीकी सहायता से आरोपी भंवरलाल ओड पुत्र मदनलाल ओड उम्र 21 साल निवासी करगेटा थाना सलूम्बर जिला सलूम्बर को सागवाडा जिला डूंगरपुर से डिटेन कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया तथा साथ ही सलूम्बर थाने के पुलिसकर्मी की मोटरसाईकिल चोरी करना भी स्वीकार किया। आरोपी से अनुसंधान जारी है। गिरफ्तारी कार्रवाई में महेन्द्र सिंह एएसआई , पुंजीलाल एएसआई , ईश्वर सिंह हैड साईबर सैल ,हेमेन्द्र सिंह साईबर सैल ,हितपाल सिंह साइबर सैल की भूमिका रही।

# आज दूध वाले के सिर पर गिरा, कल नेता या अधिकारी पर भी गिर सकता है पेड़

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। हिरण मगरी थाना क्षेत्र के सेवाश्रम पुलिया के नीचे गुरुवार को बाइक सवार दूध वाले पर अचानक एक पेड़ गिर गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



कल अशोकनगर में एक पेड़ गिरा था। उससे कुछ घंटों पहले ही नंद भवन के पास एक कार पर पेड़ गिरा था। उससे पहले तूफान में कई सारे पेड़ गिर गए। हादसों की फेहरिस्त लंबी है और आगे भी यह सिलसिला इसलिए चलता रहेगा क्योंकि शहर के अधिकारी और नेता गहरी नींद सोए हुए हैं। आपदा प्रबंधन के नाम पर शहर में मजाक चल रहा हैं मानूसन सिर पर हैं और रोज पेड़ गिरने की घटना हो रही है। जिला प्रशासन, नगर निगम और यूआईटी जैसे भारी भरकम लवाजमे वाली जनता की सेवा करनी वाले निकाय-संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी में नाकाम व नाकारा साबित हुए हैं। आधी में पेड़ गिरते ही सतर्क हो जाना चाहिए था मगर लगता है अभी मीटिंग और मंथन के बीच और कई हादसों के बाद जिम्मेदार चेतेंगे। प्रशासन व निकायों के पास ऐसा कोई डेटा या सर्वे नहीं है कि शहर में कितने ऐसे पेड़ हैं जो गिरने की स्थिति में हैं। उनका रिस्क असेसमेंट क्या है। उनकी छंगाई हुई है या नहीं। लोग शिकायत कर-करके थक रहे हैं मगर मजाल कि तत्काल कोई कार्रवाई हो जाए। पेड़ गिरेंगे, आम आदमी गंभीर घायल होगा तो चल जाएगा मगर लोग कह रहे हैं कि जिस दिन किसी वीआईपी पर पेड़ गिर गया, उस दिन कानून कायदे भी याद आ जाएंगे और अचानक आपदा राहत प्रबंधन के सिलसिले भी शुरू हो जाएंगे। झुके हुए पेड़ों को देखने के लिए किसी अंतरदृष्टि की जरूरत नहीं है। ये मन की आंखों से नहीं, खुली आंखों से देखे जा सकते हैं। यह बात अलग है कि कोई आंखें खोलना ही नहीं चाह रहा है तो फिर उसकी किया ही क्या जाए। झुके हुए पेड़, जर्जर इमारतें, जगह-जगह मौत बनकर तने हुए होर्डिंग, ये सब साफ दिखा रहे हैं कि व्यवस्थाओं में ना सिर्फ कमी है बल्कि गंभीर किस्म की लापरवाही भी है। सेवाश्रम की ही बात लें। रोज की तरह दूध वाला बाइक पर सेवाश्रम पुलिया के नीचे से गुजर रहा था। तभी किनारे पर लगा पेड़ अचानक बाइक सवार पर गिर गया। पेड़ पास ही बावजी के स्थान पर लगा हुआ था। पेड़ पूरी तरह सूख चुका था। बावजी के यहां लोगों की बड़ी संख्या में आवाजाही होती है और सुबह-शाम इस व्यस्त चौराहे पर बडी संख्या में लोग खड़े रहते हैं। हादसा बड़ा भी हो सकता था। इससे सीख लेकर प्रशासन और निकाय कोई कार्रवाई करेगा, इसमें संदेह है। ऐसे में लोगों को ही अपने स्तर पर ऐसे जर्जर पेड़ों के खिलाफ मुहीम चला कर बार-बार फालतू के मुद्दों की तरफ ध्यान डाइवर्ट करने वाले नेताओं का ध्यान इस असल मुद्दे पर केंद्रित करना होगा। विधायक और मेयर साहब चाहें तो इस मुहीम का नेतृत्व कर सकते हैं। यह मुद्दा आयड़ के सौंदर्यीकरण, डिवाइडरों को बार-बार तोड़कर नया बनाना, बोटलने खोल कर वाहवाही पाना आदि से ज्यादा जरूरी और तात्कालिक है।

# गुलाब बाग से लेकर बापू बाज़ार तक हटाए अतिक्रमण





**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर में नगर निगम की ओर से आज फिर से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू किया गया। निगम की टीम ने गुलाब बाग से लेकर बापू बाजार तक दुकानों के बाहर सरकारी सड़क पर रखे समान को जब्त किया गया। इस दौरान दुकानदार निगम के अधिकारियों से सामान वापस देने की गुहार भी लगाते रहे। लेकिन किसी सामान को लौटाया नहीं गया। निगम की टीम ने दुकानदारो को आगाह भी किया कि किसी भी तरह के बोर्ड और समान बाहर नहीं रखें। इससे व्यस्ततम बाजार में ट्राफिक जाम की स्थित बन रही है।

# पिछाला में डीजल नावें आउट, सोलर/बैट्री नावें इन, राजस्व को भी मिला डबल बूस्टर




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। निगम ने पिछोला झील में बोट संचालन का करार खत्म कर नया करार कर लिया है। डीजल वाले करार से भी नया इलेक्ट्रिक व सोलर नावों वाला करार लगभग दुगुना राजस्व देगा। महापौर ने न्यायालय के आदेश पर यह फैसला किया है। माहापौर जीएस टांक ने बताया कि पिछोला झील में नगर निगम की अनुज्ञा पर वर्तमान में 18 वोट संचालित की जा रही है। जिसकी निगम से करार अवधि बुधवार तक थी। राजस्थान उच्च न्यायालय ने निगम को पिछोला झील में सोलर/बैटरी संचालित नाव के संचालन का निर्देश जारी किया, उसी की पालना में करार को आगे नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया। नए निविदादाता द्वारा जल्द ही सोलर एवं बैटरी से चलने वाली नाव का पिछोला झील में संचालन किया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम द्वारा पहले से ही प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। निविदा प्रक्रिया में चयनित फर्म को कार्य आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। फर्म द्वारा नाव संचालन हेतु आवश्यक दस्तावेज की पूर्ति की कार्यवाही के पश्चात पिछोला झील में नाव का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। निगम महापौर गोविंद सिंह टाक ने बताया कि पहले नगर निगम को पिछोला झील में नाव संचालन से 3 करोड़ 51 लाख रुपए का राजस्व प्रतिवर्ष प्राप्त हो रहा था। नई निविदा में राशि बढ़ कर 5 करोड़ 40 लाख रुपए हुई है, जिससे लगभग 2 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व नगर निगम को प्राप्त होगा जिससे शहर के विकास कार्य संपादित किए जा सकेंगे।

# तेज रफ़्तार कार की टक्कर से पति-पत्नी की मौत



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। खेत से काम कर घऱ लौट रहे पति-पत्नी को तेज रफ़्तार कार ने चपेट में ले लिया। पति-पत्नी दोनों की हादसे में मौत हो गई। सुखेर थाना इलाके के पिंडवाडा हाइवे पर बुधवार शाम मोहिनी देवी और उसका पति देवी लाल खेत का काम पूरा कर मोटर साईकिल से घऱ लखावली की और जाने के लिए निकले ही थे कि हाइवे पर तेज रफ़्तार कार ने दोनों को अपनी चपेट मे ले लिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने दोनों को एम बी हॉस्पिटल पहुंचाया जहां पर इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया दुर्घटना के बाद कार चालक कार छोड़ फरार हो गया वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों मृतको का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया है।

# लेकसिटी में भी हीट वेव से लोग हुए बेहाल, गन्ने का रस सहित शीतल पेय की दुकानों पर बढ़ी भीड़




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। हीट वेव चलने के साथ ही राजस्थान के सभी शहरों में तापमान में जबर्दस्त बढोत्तरी हो गई है। तेज गर्मी गर्मी का कहर झीलों की नगरी उदयपुर में भी देखने ो मिल रहा है। सूर्यदेव के रौद्र रूप से यहां भी लोग पसीना पसीना हो रहे है।। आज उदयपुर में तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सिय को छू रहा हैं सड़को पर लोग गर्मी से बचाव के लिए रुमाल, स्कार्फ़, छतरी ओर गमछे का उपयोग करते नजर आये। कई लोग तपिश से राहत पाने के लिए ठंडे पेय का सेवन रहे है। लेकसिटी उदयपुर में इस बार गर्मी जल्दी आने से लोगो को खासी परेशानी हो रही है लोग बचाव का जतन कर रहे है। शहर के ठंडे पेय स्टोलों पर लोगो का जमावड़ा लगा हुआ है तेज तपन व लू से गन्ने के रस की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। विक्रेताओं का कहना है कि पिछले साल से ज्यादा गन्ने का रस बिक रहा है।

24 न्यूज अपटेड

देश-दुनिया राज्यों एवं स्थानीय खबरें को देखने के लिए
हिन्दी समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल

ताजा खबरें देखने के लिए
हमारे यूट्यूब चैनल को सबस्क्राइब करें

YouTube

हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें

लिंक पर क्लिक करें और हमारे चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करें

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।